# प्रेस नोट-थाना तिलहर

## जनपद शाहजहाँपुर

### सराहनीय कार्य दिनाँक- 07.08.2026

### थाना तिलहर पुलिस एवं जनपदीय एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा ज्वैलरी शॉप चोरी का सफल अनावरण, 03 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के आभूषण बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के नेतृत्व में जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निकट निर्देशन एंव श्रीमान क्षेत्राधिकारी तिलहर के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में जनपदीय एस0ओ0जी/सर्विलांस टीम व थाना तिलहर पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 25.07.2026 को वादी श्री कृष्णा वर्मा पुत्र राजीव वर्मा, निवासी मोहल्ला मतानी चौक, शहर थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना तिलहर पर दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों द्वारा दिनांक 24/25.07.2026 की रात्रि लगभग 12:00 बजे थाना तिलहर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कपसेड़ा स्थित "साँवरिया सेठ ज्वेलर्स" के नाम से संचालित वादी की ज्वैलरी की दुकान का शटर एवं तिजोरी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चाँदी के आभूषण चोरी कर ले जाने के संबंध में मु०अ०सं० 404/2026, धारा 331(4)/305 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्तगण 1. राकेश उर्फ कल्ला पुत्र सुन्दरनाथ, निवासी ग्राम बलरामपुर, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 35 वर्ष, 2. हीरा सिंह पुत्र रघुवीर सिंह, निवासी ग्राम ईशापुर, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 26 वर्ष तथा 3. अनोखे उर्फ लादू पुत्र रसिया, निवासी ग्राम मिलकिया, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 38 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर दिनांक 07.08.2026 को जैतीपुर तिराहे से खैरपुर नहर की दक्षिण दिशा में जामुन के पेड़ के पास से आवश्यक बल प्रयोग करते हुए समय करीब 16:45 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी के करीब 1482 ग्राम सफेद धातु के आभूषण एवं 01 जोड़ी पीली धातु के कानों के कुण्डल (वजन करीब 02 ग्राम) तथा मु०अ०सं० 368/2026, धारा 305(ए)/331(2) बीएनएस, थाना कांट, जनपद शाहजहाँपुर से संबंधित करीब 210 ग्राम सफेद धातु के आभूषण बरामद किए गए।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उन्हें नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवऱण-**

1. राकेश उर्फ कल्ला पुत्र सुन्दरनाथ निवासी ग्राम बलरामपुर थाना निगोही, शाहजहाँपुर उम्र करीब 35 वर्ष
2. हीरा सिहं पुत्र रघुवीर सिहं निवासी ग्राम ईशापुर थाना निगोही, शाहजहाँपुर उम्र करीब 26 वर्ष
3. अनोखे उर्फ लादू उर्फ नोखी पुत्र रसिया निवासी ग्राम मिलकिया थाना निगोही, शाहजहाँपुर उम्र करीब 38 वर्ष

**गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समय-**

थाना तिलहर क्षेत्र के जैतीपुर तिराहे से खैरपुर नहर की दक्षिण दिशा में जामुन के पेड़ के पास से दिनांक 07.08.2026 को समय करीब 16:45 बजे।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 404/26 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना तिलहर

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण-**

**अभियुक्त राकेश, हीरा, अनोखे-**

मु0अ0सं0 404/26 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना जनपद तिलहर

मु0अ0सं0 368/2026 धारा 305(ए)/331(2) बीएनएस थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर

**बरामदगी का विवरण-**

1. करीब 1482 ग्राम सफेद धातु के आभूषण।
2. 01 जोड़ी पीली धातु के कानों के कुण्डल, वजन करीब 02 ग्राम।
3. करीब 210 ग्राम सफेद धातु के आभूषण।

**पूछताछ अभियुक्तगण विवरण-**

तीनों अभियुक्तों ने एक राय होकर बताया कि उन्होंने दिनांक 02/03.08.2026 की रात्रि में थाना कांट क्षेत्रान्तर्गत कुर्रिया कलां रोड पर स्थित 03 दुकानों में चोरी की थी। चोरी किए गए माल में से कुछ माल उनके कब्जे से बरामद हुआ है तथा शेष माल उनके फरार साथियों के कब्जे में होना बताया है।

**अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रिंस शर्मा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
2. निरीक्षक श्री सुनील कुमार यादव थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
3. उ0नि0 श्री मोहनदेव शर्मा, प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय टीम शाहजहाँपुर।
4. उ0नि0 श्री सौरभ शुक्ला थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
5. हे0का0 143 विजयप्रताप थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
6. कां0 2212 विनय कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
7. कां0 1863 धर्वेन्द्र थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
8. कां0 2026 रजत मलिक थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।